तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **खेम सिंह जोधा बनाम** **लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या 134 / 2024	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
29—10—24	अपीलार्थी **खेम सिंह जोधा** निवासी **शिकारपुरा तहसील लूणी जिला जोधपुर** ने सूचना का अधिकार के तहत उसके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र दिनांक 23 / 07 / 24 में तहसीलदार जोधपुर के आदेश क्रमांक भू.अ. / 2016 / रा.लो.अ. / दिनांक 13-06-2016 की नियमानुसार प्रमाणित छाया प्रतियां एवं अन्य बिन्दुओ से संबधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी **(तहसीलदार जोधपुर)** को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो. पक्ष (**तहसीलदार जोधपुर**) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो. पक्ष (**तहसीलदार जोधपुर**) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (**तहसीलदार जोधपुर**) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर—ग्रामीण Signature valid Digitally signed by Gaurav Agrawal Designation: Collector & District Magistrate Date: 2024.10.29 17:48:52 IST Reason: Approved	

RajKaj Ref No.: 11502765